राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdpi.cce@gmail.com Ph.: 0141-2706736 (O);

क्रमांकः एफ4 ( )आकाशि / नि.सं. / 2019 / 223 दिनांक :– 4/2/2020

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान ।

विषयः–निजी महाविद्यालयों के कमीपूर्ति दस्तावेजो के प्रमाणीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निजी महाविद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट का आयुक्तालय की निजी संस्था शाखा द्वारा परीक्षण करने के पश्चात् कमीपूर्ति पत्र जारी किया जाता है। इस कमीपूर्ति पत्र में उल्लेखित दस्तावेजों का सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार प्रमाणित करना होता है। इन दस्तावेजो के प्रमाणित करने के संबध में सभी प्राचार्यो / नोडल अधिकारियों का निर्देशित किया जाता है कि–

1. कमीपूर्ति पत्र में उल्लेखित दिनांक के पश्चात् दस्तावेजों को प्रमाणित करके रिपोट में इस तथ्य का उल्लेख कर देवे, आयुक्तालय के निर्देश का इंतजार नहीं करें।
2. यदि दस्तावेजों के प्रमाणित करने के संबंध मे सम्बन्धित निजी महाविद्यालय का पुनः निरीक्षण करना आवश्यक है, तो इस हेतु आयुक्तालय के निर्देश का इन्तजार नहीं करें। निजी महाविद्यालय का आवश्यकतानुसार निरीक्षण करके रिपोट प्रस्तुत करें एवं दस्तावेज को प्रमाणित करें।
3. सामान्यतः किसी भी निजी महाविद्यालय का नोडल अधिकारी सम्बन्धित सरकारी महाविद्यालय का प्राचार्य (पदेन) होता है। प्राचार्य पद पर कार्यरत व्यक्ति का स्थानान्तरण / सेवा निवृति / अवकाश पर रहने पर कार्यवाहक प्राचार्य निरीक्षण करके दस्तावेज को प्रमाणित करके रिपोर्ट आयुक्तालय को यथा शीघ्र भिजवायेंगें। इस हेतु आयुक्तालय से अनावश्यक पत्र व्यवहार नहीं करें।
4. दस्तावेजो के प्रमाणीकरण में प्रस्तुत प्रत्येक दस्तावेजो पर हस्ताक्षर, पूरा नाम व मोबाईल नम्बर स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए सील भी लगावें।
5. प्रमाणित किए गए कमीपूर्ति दस्तावेजों का सम्पूर्ण ब्यौरा महाविद्यालय के लेटर हैड पर उल्लेखित करते हुए आयुक्तालय प्रेषित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड़, IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपिः– वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ.अल्पना व्यास)
संयुक्त निदेशक,(नि.सं.)
कॉलेज शिक्षा, जयपुर